SHRI SUNDER SINGH BHANDARI (Rajasthan) : Please hear me for one second. Sir, my humble submission is that if the Government made any statement in Lok Sabha, a similar statement should be made in Rajya Sabha also. We are all waiting for that. I want an assurance from the Minister of Parliamentary Affairs.

SHRI M. M. JACOB : The form of discussion can be decided by all of us. That is a different matter...(*Interruptions*)... I think tomorrow...(*Interruptions*)

The Infant Milk substitutes, Feeding Bottles and Infant Foods (Regulation of Production, Supply and Distribution) Bill, 1992

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : Sir, I beg to move :

> "That the Bill to provide for the regulation of production, supply and distribution of infant milk substitutes, feeding bottles and infant foods with a view to the protection and promotion of breast-feeding and ensuring the proper use of infant foods and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The question was proposed.

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहले तो विषय पर बोलने से पहले मैं आपके उपसभाध्यक्ष की श्रेणी में मनोनीत होने के लिए बधाई देती हूं।

आपके उपसभाध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार मुझे आपकी सदारत में बात करने का मौका मिल रहा है, मुझे उम्मीद है कि खुशगवार माहौल के अन्दर मैं अपनी बात कह सकूंगी। उपसभाध्यक्ष जी, अभी जो महिला बिल मानव संसाधन मंत्रालय की उपमंत्री साहिबा ने सदन में प्रस्तुत किया है, यह बिल 1986 में इसी सदन के द्वारा पास किया जा चुका है। उपसभाध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि बहुत कम बिलों का हश्र ऐसा होता है कि एक बार एक सदन में पारित होने के बाद दोबारा वह फिर उसी सदन में पास होने के लिए लाया जाता है। यह एक ऐसा ही दुर्भाग्यशाली बिल है जो पिछले कई वर्षों से संसद के गलियारे के चक्कर काट रहा है। वर्ष 1986 में यह बिल राज्यसभा से पास हुआ और उसके बाद दो बार लोकसभा में पेश किया गया, लेकिन दोनों बार लोकसभा विसर्जित हो जाने के कारण यह पारित नहीं किया जा सका और उपसभाध्यक्ष जी, जिस विषय के संबंध में यह बिल लाया गया है। वह विषय उससे भी ज्यादा पुराना है। 11 वर्ष पहले एक अंतर्राष्ट्रीय संहिता इस विषय के बारे में अपनायी गयी थी और उसके बाद 1983 में, आज से 9 वर्ष पहले, भारत ने अलग एक राष्ट्रीय संहिता अपनाकर इस विषय को मान्यता दी थी। लेकिन आज तक यह विषय कानून का रूप नहीं ले सका।

उपसभाध्यक्ष जी, वैसे तो बच्चों की सेहत की देखभाल करना हर कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए, किन्तु जो सरकार परिवार नियोजन की बात करती है, छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा देती है, परिवार कल्याण जिस सरकार के कार्यक्रमों का एक प्रमुख कार्यक्रम हो और जो सरकार परिवार के बच्चों की संख्या तय करती हो, उस सरकार की तो केवल सामाजिक ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी बन जाती है कि वह अपने शिशुओं के, अपने बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करे। उपसभाध्यक्ष जी, ऐसे तरीके जिन्हें अख्तियार करने से बच्चों के स्वास्थ्य पर

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

बुरा असर पड़ता हो, उन पर पाबंदी लगाना सरकार का कर्तव्य हो जाता है। अपने नवजात शिशुओं को बचाना इस सरकार का कर्तव्य है और बोतल से दूध पिलाना एक ऐसा ही तरीका है जो बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। इसलिए अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सरकार इस विधेयक को लायी है और मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, माता का दूध केवल बच्चे की सेहत की रक्षा ही नहीं करता बल्कि उसके अंदर बाकी छूत की बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी पैदा करता है और इसके विपरीत बोतल का दूध केवल बीमारी ही नहीं फैलाता बल्कि कई बार ऐसी भयंकर बीमारी फैलाता है जो कि बच्चे को मौत के मुंह तक ले जाकर खड़ाकर देती है। उपसभाध्यक्ष जी, स्तनपान के और भी कई लाभकारी आयाम है। केवल बच्चे की सेहत के लिए ही यह फायदेमन्द नहीं है बल्कि नंबर एक, यह दूध पिलाना सरल है। न कोई उबालने का झंझट है, गरम करने का झगड़ा नहीं। जब चाहे, जहां चाहें आप अपने शिशु को दूध पिला सकती हैं। इसका आर्थिक आयाम यह है कि यह बिना मोल का है। आप बिना पैसा खर्च किए अपने शिशु को सबसे ज्यादा पौष्टिक आहार दे सकती हैं। इसका वैज्ञानिक पहलू भी है और वैज्ञानिक शोध ने यह तय किया है कि बच्चे के जन्म के बाद जो पहला दूध मां के स्तन से निकलता है उसमें कोलेस्ट्रम होता है। यह कोलेस्ट्रम बच्चे के अन्दर रोग प्रतिरोध की क्षमता पैदा करता है यानि बाहर से आने वाली बीमारियों से लड़ने की ताकत शिशु में पैदा करता है। पहले हमारे यहां यह धारणा थी कि पहला दूध बालक को नहीं पिलाया जाना चाहिए, फेंक दिया जाना चाहिए, लेकिन आज वैज्ञानिक शोध की कसौटी पर यह बात खरी उतरी है कि नहीं, पहला दूध कोलेस्ट्रम बच्चे के स्वास्थ्य लिए बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, फिर इसका मनोवैज्ञानिक पहलू भी है, जो सबसे ज्या[illegible] जरूरी है, कि स्तनपान, बच्चे को भावनात्म[illegible] सुरक्षा प्रदान करता है। आप जानते हैं [illegible] नवजात शिशु के अन्दर असुरक्षा का अ[illegible] सास बहुत ज्यादा होता है। पलंग पर पड़[illegible] पलने में पड़ा बच्चा अगर रो रहा हो [illegible] अगर कोई उसको उठाकर सीने से लगा [illegible] तो बच्चा चुप कर जाता है। फिर माँ [illegible] गोदी का तो परम सुख है। मां की गोद की जब बात आती है तो मुझे रामधारी सिं[illegible] दिनकर जी की एक दो पंक्तियां याद आ[illegible] हैं। "उर्वशी" में उन्होंने कहा है, ब[illegible] ऊंची बात कही है —

असफलता में नर को जननी वक्ष याद आता है
संकट में युवती का सैंया-वक्ष याद आता [illegible]

उपसभाध्यक्ष महोदय, जननी वक्ष [illegible] इतनी बड़ी महानता है कि जब बड़ी उ[illegible] का पुरुष भी असफल होता है तो वह असफल[illegible] की वेदना मां की गोद में सिर रखक[illegible] भूल जाता है। ऐसा मां की गोदी [illegible] बखान किया गया है। फिर बच्चे [illegible] स्तनपान कराने के बाद मां स्वयं एक सु[illegible] तृप्ति का अनुभव करती है, उसका मातृ[illegible] भरता है, अपने व्यक्तित्व में वह अप[illegible] आपको भरा-पूरा महसूस करने लगती है [illegible] यह तो एक ऐसा पहलू है, जिसक[illegible] बिल्कुल नकारा नहीं जा सकता। और [illegible] फिर एक पहलू है संस्कार देने का। हमा[illegible] यहां तो कहते हैं कि मां की गोद से संस्का[illegible] आते हैं। भारत में तो बीसियों मुहाव[illegible] मां के दूध के साथ जुड़े हुए हैं। आप[illegible] दक्षिण में अपनी भाषाओं में भी तो कह[illegible] होंगे, लेकिन वही बात कही जाती होगी [illegible] अपने यहां तो शत्रु को ललकारते [illegible] यह ललकार दी जाती है देखें कि, तेरी [illegible] ने तुझे कितना दूध पिलाया है या अग[illegible] तूने अपनी मां का दूध पिया है तो मुझ[illegible]

कराकर देख ले, आदि-आदि मुहावरे
ां के दूध के साथ जडे हुए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक बोतल
दूध का सवाल है, सबसे पहले
ोतल से दूध पिलाना बड़ा कठिन है
योंकि हर बार जब भी आपको दूध पिलाना
, बोतल को उबालना जरूरी है और
कर बोतल को पांच दस मिनट उबाल
र ही वह डिसइनफेक्ट नहीं होती बल्कि
म से कम पच्चीस तीस मिनट उबालेंगे
भी बोतल डिसइनटफेक्ट होती है । एक
ास अनुपात में दूध और पानी मिलाना
रूरी है । अब रात में नवजात शिशु को
ह सात बार भूख लगती है, हर दो घन्टे
बाद वह दूध मांगता है तो आलस्य में
ाई मां या तो बोतल उबाले बिना दूध दे
ती है या कभी-कभी दूध की जगह पानी
ी बोतल लगा देती है । इस तरीके से
च्चे के स्वास्थ्य पर कितना बुरा असर
ड़ता है। अब तो दूध का डिब्बा भी 50/-
पए में आता है, जो एक सप्ताह से ज्यादा
हीं चलता । इतना महंगा दूध गरीब लोग
ब नहीं पिला पाते तो वे दूध और पानी
ा अनुपात बिगाड़ देते हैं यानि कम दूध
ौर ज्यादा पानी मिलाकर बच्चे को पिला
ते हैं, जिससे बच्चा कुपोष से ग्रस्त हो जाता
, माल-न्यूट्रिशन की समस्या खड़ी हो
ाती है । बच्चे की सुरक्षा का तो कोई
हसास ही नहीं है क्योंकि बोतल का दूध
पिलाने के लिए मां की गोदी की आव-
यकता नहीं है । आप उसको बिस्तर पर
लिटाए-लिटाए बोतल लगा दीजिए, पलने
में डाले-डाले बोतल लगा दीजिए । तो जो
एक असुरक्षा का अहसास बालक में है,
ह भावनात्मक सुरक्षा बोतल का दूध
हीं दे पाता।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक संस्-
ारों का सवाल है, तो संस्कार बोतल के
ूध से आएगा कहां से ? यहां बैठे है
ाजमी जी, उर्दू की शायरी जानते हैं,
एक बहुत अच्छा शेयर है उर्दू का, कि :–

तिर्फल में बू आए क्यों मां बाप के अतवार की,
दूध तो डिब्बे का है, तालीम है सरकार की।

कहां से संस्कार आएगा, जब शिक्षा सरकारी और दूध डिब्बे का है ? बच्चों के अंदर मां-बाप के संस्कार कहां से आएंगे? यह तो बिल्कुल एक संस्कार–विहीन संस्कृति, एक संस्कार–विहीन संतति इस देश में इस डिब्बे के दूध से पैदा हो रही है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि स्तनपान की संस्कृति भारत के लिए कोई नई नहीं है । भारत में तो कभी बोतल के दूध का प्रचलन ही नहीं था। मैं तो यहां तक कहूंगी कि हमारे यहां तो यह प्रथा थी कि संयुक्त परिवार हुआ करते थे और अगर किसी नवजात शिशु की मां भी गुजर जाया करती थी तो उस बच्चे को बोतल का दूध पिलाने के बजाए यह देखा जाता था कि परिवार में अगर किसी चाची, मामी, मौसी, बुआ को भी बच्चा छोटा है और वह अपने बालक को दूध पिला रही है तो उसी को कह दिया जाता था कि कि तू इस बच्चे को भी दूध पिला, मगर बोतल का दूध नहीं पिलाया जाता था ? हमारे देश में इस संस्कृति में कमी क्यों आई, यह देखने की जरूरत है। सामाजिक परिस्थितियों में बदलाव आया, युगीन धारणाओं में बदलाव आया और उसी के कारण यह संस्कृति विकृत हुई है । इसलिए आज जब हम इस विधेयक पर बहस कर रहे हैं, चर्चा कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा जरूरी है कि हम उन सामाजिक, आर्थिक कारणों की तरफ भी ध्यान दें, जिनके कारण यह संस्कृति बिगड़ी है । क्योंकि आज भी अगर आप सारे वर्गों की ओर ध्यान दें तो सारे वर्गों में स्तनपान छोड़ने का कारण एक सा नहीं है, समान नहीं है, अलग-अलग कारण है अनेक वर्गों के । जहां तक सम्पन्न घरानों की महिलाओं की

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

बात है, आजकल एक जो नव धनाढ्य, नव-धनिकों की जो मशरुम ग्रोथ हुई है, उनकी पत्नियों ने तो फैशन के चलते दूध पिलाना छोड़ दिया । एक धारणा उनके मन में बैठ गई स्तनपान से सौंदर्य नष्ट होने की, एक भ्रामक धारणा का वे शिकार हुई और स्तनपान के समय खान-पान पर लगने वाली पाबन्दी से वे दुखी हुई क्योंकि यह तो एक स्थापित तथ्य है, आप जानते हैं कि जब मां दूध पिलाती है तो उस बीच में उसके ऊपर कई प्रकार की पाबन्दियां होती हैं कि अगर बच्चे का पेट खराब है तो तुम हल्का खाना खाओ, तुम इधर-उधर की ज्यादा चाट पकौड़ी मत खाओ। तो इस तरह से वे सारी जो पाबन्दियां उस पर लगीं बच्चे की सेहत के कारण से, उसने कहा कि यह झंझट ही छोड़ और बोतल का दूध लगा । क्या जरूरत है अपने मुंह पर छीका बांधने की ? तो इन तमाम पाबन्दियों के चलते इसको दकियानूसी मानकर उन्होंने छोड़ दिया । लेकिन मध्यम वर्ग की जो काम काजी महिला थीं, उसने फैशन के कारण नहीं छोड़ा, उसने विवशता के कारण छोड़ा, उसने मजबूरी के कारण छोड़ा और अगर मैं कहूं कि छोड़ा नहीं, उसे छोड़ना पड़ा तो शायद ज्यादा उचित होगा क्योंकि मातृत्व की जो छुट्टी की अवधि है—मेटरनिटी लीव (प्रसूति अवकाश) वह बहुत कम है ।

डिलीवरी खत्म होने के बाद तो बहुत ही कम छुट्टी मिलती है, वह दूध पिलाए कैसे ? कार्यालयों के अंदर दूध पिलाने की सुविधा मुहैया नहीं है, कोई ऐसा कमरा नहीं है कि वहां जाकर वह दूध पिला सके और घर का खर्चा चलाने के लिए दफ्तर जाने की मजबूरी सर पर है । तो इन तमाम चीजों ने मिलाकर उसकी ममता के स्रोत को सुखाने पर मजबूर कर दिया और एक विवशता और मजबूरी के चलते उसे दूध पिलाना छोड़ना पड़ा । अब गरीब वर्ग की बात आई, वहां ये दोनों चीजें ही लाग नहीं होती । वहां एक तीसरी समस्या आई और वह यह आई कि गरीब की पत्नी स्वयं कुपोषण का शिकार बनी और उसके स्तन से दूध उतरा ही नहीं । गरीब की मां को जब स्वयं खुराक नहीं तो वह दूध कहां से पिलाए ? आप तो जानते हैं कि दूध पिलाने वाली मां को तो दो गुना भोजन की जरूरत होती है । स्वयं के लिए भी खाना और बालक के लिए भी खाना । हमारे यहां कहते हैं कि अगर स्तनपान कराने वाली महिला दूध पी ले तो ज्यादा दूध बच्चे को पिला सकती है, मगर जिसे दो जून रोटी नसीब नहीं होती, उसके लिए दूध पीना तो सपने की बात हो गई । परिवार के लोगों ने भी जो सामाजिक दुर्दशा है औरत की उसके चलते, बच्चे के डिब्बे के दूध पर तो खर्च करना स्वीकार किया, मगर उसकी मां को गाय या भैंस का दूध देना स्वीकार नहीं किया क्योंकि बच्चे का दूध, बच्चा परिवार का है, उसको देना है, मगर यदि मां को देना है तो वह खाया-पीया उनकी आंख में खटकता रहा । तो ये तीनों अलग-अलग कारण बने स्तनपान की प्रवृत्ति को छोड़ने के । तो आज मैं कहना चाहती हूं कि जब आप इस बिल के ऊपर ध्यान दे रहे हैं तो केवल बोतलों की बिक्री के निषेध से, केवल डिब्बे के दूध पर लगाई गई जाने वाली पाबन्दी से इस उद्देश्य का हल नहीं होगा । हमें इन कारणों पर ध्यान देना होगा और हर कारण का हल अलग होगा क्योंकि हर कारण अलग है, हर वर्ग की समस्या अलग है । तो मैं कहना चाहूंगी, यहां उप मंत्री जी बैठी हैं, शैलेजा जी, कि उन तमाम कारणों के निदान के लिए अलग-अलग मैं आपको सुझाव देना चाहती हूँ । सबसे पहले नव धनाढ्य धनिकों की समस्या लीजिए, जिन्होंने फैशन के चलते दूध पिलाना छोड़ा । उनके लिए

यह प्रचार-प्रसार करना बहुत जरूरी है आपके लिए कि बोतल से दूध पिलाना हानिकारक है और मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है । और एक बात बताऊं कि उन फैशनेबलों के दिमाग में भारतीय संस्कृति से तो यूं ही दराव लगा हुआ है, उनको अगर आप वह कहेंगे कि पश्चिमी डाक्टरों ने शोध के आधार पर यह तय किया है कि मां का दूध सबसे अच्छा है, तब उनकी आंखे खुलेंगी । तो यह जो अंतर्राष्ट्रीय संहिता 1981 में तय हुई थी इसी विषय पर, उसका प्रचार करना बहुत जरूरी है । तब उन्हें पता चलेगा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, पूरे विश्व के लोगों में यह तय किया है कि ब्रेस्ट फीडिंग होना चाहिए, स्तनपान कराया जाना चाहिए, तब बच्चे की सेहत अच्छी रहती है । और तभी उनकी यह धारणा ध्वस्त होगी कि स्तनपान से सौंदर्य का नाश होता है, तब उनकी यह धारणा ध्वस्त होगी कि स्तनपान कराना दकियानूसी है, या यह तो भारत की ही पुरानी पद्धति है । इसके लिए मैं आपको सुझाव देना चाहती हूं कि टी० वी० इसका सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है, दूरदर्शन इसका बहुत बड़ा जरिया बन सकता है । उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने दूरदर्शन के कई स्पाट देखे होंगे, परिवार नियोजन से संबंधित कई स्पाट होते हैं, परिवार कल्याण से संबंधित कई स्पाट होते हैं, गर्भवती महिला को क्या खुराक मिलनी चाहिए, इस पर एक बहुत अच्छा स्पाट है, बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए टीके लगवाने कितने जरूरी हैं, इस पर एक अलग ही स्पाट है । लेकिन क्या मैं मंत्री महोदया से पूछ सकती हूं कि एक भी स्पाट दूरदर्शन ने आज तक, स्तनपान कराना अच्छा है और बोतल का दूध हानिकारक है, इसको लेकर के क्यों नहीं बनाया ? ठीक है, कानून पास नहीं हुआ था, मगर राष्ट्रीय संहिता तो मान ली गई थी ।

3.00 पी० एम०

1983 में भारत ने अलग से राष्ट्रीय संहिता अपनाई थी इस विषय पर लेकिन 1983 से लेकर 1992 आ गया, 9 वर्षों में एक भी स्पाट दूरदर्शन के द्वारा इस पर नहीं बनाया गया । तो मैं आपके माध्यम से अर्ज करना चाहती हूं कि आपने बिल की धारा 7 में कुछ उद्देश्यों का वर्णन किया है ए से एफ तक, वह बहुत अच्छे उद्देश्य हैं, जिनमें आपने कहा है कि स्तनपान कराने, इसके संवर्धन के लिए, इसके संरक्षा के लिए आपने कुछ उद्देश्य निर्मित किए हैं, इन तमाम उद्देश्यों को लेकर के दूरदर्शन ऐसे स्पाटस बनाए जिनमें इस बात का बार-बार दिग्दर्शन हो कि मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है, डिब्बे का दूध हानिकारक है, बोतल का दूध हानिकारक है, यह दूध नहीं पिलाया जाना चाहिए और स्तनपान को संवर्धन मिलना चाहिए तो इन फैशनेबुल माताओं के घर वाले इनको कहेंगे, शायद कोई पाबन्दी इन पर लगायेंगे तभी इनकी आंखे खुलेंगी । इसलिए इस मामले में ज्यादा प्रचार-प्रसार करने की आवश्कता है ।

जहां तक मध्यवर्गीय महिलाओं की बात है, उनके लिए तो प्रचार करने की जरूरत नहीं है । उसका मन करता है कि वह अपने बच्चे को दूध पिलाए, वह पिलाना चाहती है मगर उसके लिए मजबूरी है । उसके लिए आपको डिलीवरी के पश्चात मैटरनिटी लीव की अवधि को बढ़ाने पर विचार करना होगा । आपको कार्यालयों के अंदर इस तरह के स्थान खोलने होंगे जहां वह अपने नवजात शिशु को दूध पिलाकर काम पर वापस आ सके । यह जो धारणा है कि वह काम कैसे करेगी, तो एक चीज मैं आपको बताए देती हूं । कोई भी मां जिसका बच्चा घर पर भूखा बिलख रहा है वह दफ्तर में अपने पर भी

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

आपका काम नहीं कर पाएगी क्योंकि यह प्रकृति का सत्य है कि जब घर पर बच्चा भूख से बिलखता है तो मां की ममता दफ्तर में बैठकर भी उछालें मारती है। वह तनावग्रस्त हो जाती है, काम नहीं कर सकती है। अगर आप यह सुविधा उसे दें देंगे कि कुछ घंटों के बाद वह अपने बच्चे को दूध पिलाकर वापस काम पर आ सके तो ज्यादा शांत मन से वह काम करेंगी और आपको ज्यादा काम मिलेगा। जब आप ये सुविधाएं मुहैया करायेंगे तभी मध्यम वर्ग की महिलाओं की समस्या का समाधान हो सकेगा।

अब रही गरीबों की बात। गरीबों के लिए सरकारी स्तर पर आपको खुराक की सुविधा मुहैया करानी पड़ेगी। आपके कई महिला बाल कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। उनमें से कुछ के जरिए खुराक देने की व्यवस्था है मगर मैं निःसंकोच कहना चाहती हूं कि वह कार्यक्रम बहुत प्रभावी या बहुत कारगर नहीं है। गरीब महिला को इतना खाने को नहीं मिलता कि वह अपना पेट भी भर ले और अपने बच्चे का पेट भी भर ले। इसलिए दुग्धपान कराने वाली माता को सरकार की ओर से दूध मुहैया कराया जाए या पौष्टिक खुराक मुहैया कराई जाए जिससे वह अपने बच्चे को दूध पिला सके। ये बातें मैं इसलिए कह रही हूं कि इस बिल का उद्देश्य बोतल की बिक्री पर पाबन्दी लगाना नहीं है। इस बिल का उद्देश्य डिब्बे के दूध पर अंकुश लगाना नहीं है। इस बिल का उद्देश्य है स्तनपान को संरक्षण और संवर्धन देना।

आप देखिए इसमें आपने स्टेटमेंट आफ आब्जैक्टस एंड रीजस तो अलग से नहीं दिया लेकिन जहां बिल की परिभाषा की है वहीं लिखा है कि 'with a view to the protection and promotion of breast-feeding'.

जो आपका उद्देश्य है वह स्तनपान का संवर्धन करना है। अगर आप केवल डिब्बे के दूध की बिक्री पर पाबन्दी लगा देंगे, केवल बोतल की बिक्री पर पाबन्दी लगा देंगे तो इस उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी। आप क्या समझते हैं कि बोतलें बिल्कुल बननी बंद हो जाएगी या डिब्बे का दूध मिलना बंद हो जाएगा? वह तो कुछ हैल्थ केयर सेंटर्स के लिए चलता रहेगा और नहीं तो वह गाय का दूध पिला देंगी, भैंस का दूध पिला देंगी।

हमारे इस बिल का जो उद्देश्य है वह यह है कि मां अपना दूध पिलाए, भारत में स्तनपान की संस्कृति बहाल हो। जिन लोगों ने इस संस्कृति को अपनाया नहीं है वह इस संस्कृति को अपनाएं और इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले। इसकी पूर्ति केवल इस बिल से नहीं होगी। यह बिल तो निषेधात्मक है। यह बिल केवल जरिया बनेगा, माध्यम बनेगा, बोतलों को कम उपलब्ध कराने का लेकिन स्तनपान की संस्कृति को इससे बढ़ावा नहीं मिलेगा।

मंत्री महोदय, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि जो तीन तरह के वर्गों की समस्याएं मैंने आपके सामने रखी हैं, उनके समाधान के लिए अलग-अलग सुझाव मैंने रखे हैं, इनके ऊपर जब आप काम करेंगी और इसी के साथ जब इस बिल के माध्यम से यह निषेधात्मक काम होगा तभी और केवल तभी इस उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी जिस उद्देश्य के लिए यह बिल लाया गया है। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करती हूं।

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support this Bill.

Today, there is a silent emergency. It is not like the emergency which we saw this morning. It is not like the loud emergencies that engage the attention of this House and the country from time to time. It is not like the emergency which can be framed in the viewfinder of a camera. It is not drought. It is not famine. It is not floods. It is nothing dramatic. It is a silent emergency. It is the emergency of the world's children. It is an emergency in which more than 2,800,000 of the world's children are dying every year. It is an emergency in which over one million children in India alone are dying because of the reasons of infection and malnutrition that arises out of bottle-feeding. It is a silent emergency where in countries like India and Pakistan alone more children die than in the 46 nations of Africa, all put together. This is the silent emergency that will now engage the attention of the House.

It makes no moral difference that all these children did not die at one particular time, at one particular moment or at one particular place. It makes no difference at all that all these children who died, died, for no reason at all, not because of natural calamities, not because of disaster, not even because of poverty. The tragedy is that they die because of ignorance, because the world has not yet been ashamed into taking any action on their behalf. In the past it was possible to justify this. In the past it was possible to justify infant deaths by saying that it was time to wait until economic development caught up with it, but now no longer can we say such a thing. This kind of malnutrition and infections are not acceptable at all because we can no longer regard them as inevitable and accept them with a certain dumb resignation. We have got to catch up with the circumstances. We have got to catch up with the new information. We have got to see that the Government takes action, that the people, all of us, keep pace not only with the information but with the implementation of the action plan so that the children of the world, the children of our country, do not die in vain.

Sir, it is time that this Bill brings out into the open the fact that the children of India need to be protected from the ignorance, not only of law makers but from the ignorance of the public at large. So, I support the Bill. The Bill is an attempt to widen our angle of concern, it is an attempt to make public and political opinion worldwide catch up with what the rest of the world has accepted for a long time. It is an appeal to the media to find new ways of promoting awareness of invisible emergency. It is an appeal for a new prevailing opinion which will react to needless malnutrition and disease among the children of today in the same way as all of us react to the most specific disasters of our time. This is one Bill which is based on a concept which is fundamentally simple, that breast feeding is the best for any infant. This is almost laughable in its simplicity; this is something which is fundamental to any mammal on the earth. Even an animal will normally take to it, but humans, in their perversity, have created a situation by which this has to be legislated upon. The fact of one of the fundamental and unchanging laws of life has to be legislated upon is an indication of the depth to which our cynicism and our greed has reached. This arises out of nothing but human greed and this is the extent to which the human perversity ha sreached and, therefore, I welcome this Bill. It is an attempt to bring into open the fact that something so simple as breast-feeding, something which is absolutely vital for the health of the children, for the health of the mothers, for the well-being of both, for the well-being of society at large is something which we have to accept and begin to implement once again, start doing once again what was only a natural law till now.

Sir, the Bill is 10 years late. I was not there when Sushmaji began, but as early as in 1981 the World Health Organisation had already accepted that there was a problem with the declining breast-feeding all over the world and they had formulated an international code to promote breast-

SMT. JAYANTHI NATARAJAN : feeding, India accepted this in 1983. The Indian National Code was brought forth in 1983 and it is to our eternal discredit that from 1983 until today we have not been able to pass this Bill. As we all know, the Bill had already been passed once in 1986, but because the Lok Sabha was dissolved, it could not be passed here. Twice again it was brought forward and today, finally, it has seen the light of day. It is not just enough for us to pass the Bill today, with all its laudable objectives. We have to see that it is implemented, and to this end I want to focus upon two or three very vital areas before all of you today.

Sir, I have gone through the provisions of the Bill and, as I see, they are very laudable, with one or two reservations which I would like to deal with later. But the question is, most of the provisions of the Bill deal with deterrent punishments, deal with an idea of deterrence. At least 10 or 12 provisions of the Bill deal with how to prevent marketing of infant foods which might detract from the importance of breast feeding. This is, of course, laudable. But deterrence only leads to litigation. Deterrence leads to action in court, deterrenece leads to its own counterproductive results. Therefore, what we need to concentrate upon today is the cold practicality of awareness.

It is far better to create an awareness among mothers, to create an awareness among society, to generate an interest, to generate opinions about how important breast feeding will be to the future of the country, to the children of the country. Therefore, the most important issue that I want to bring before this House today is that it is not enough just to pass this Bill. We have to see that there is a tremendous awareness. We are so involved in other issues. We are so involved in political issues, we are so involved in issues of the Temple or of Mandal that we fail to see that the future of this country and the future of our children are at stake. It is time that we focus upon the importance of generating information about breast feeding, targeting it to the right people, seeing that it reaches them and paying attention to generating awareness all over the country.

Sir, the second issue—which I will come back to later on—is, we have to create social legislation to support breast feeding. Now, this Bill cannot stand in a vacuum. This Bill alone is not sufficient to create the impact that we have to create in this field where we have to see that breast feeding is encouraged positively. Social legislation is very important. All over the world, one of the reasons why breast feeding has declined is not only because of economic reasons where women find that they have to leave their homes and go out to their work places and factories but they are not able to continue with breast feeding their children in their work places or factories because there are no creches where small children can be kept. Also, the nursing breaks that are given to mothers in factories differ widely from country to country. Therefore, there is a need for us to think about a whole system of supporting social legislation by which there is support given to the breast feeding mother when we don't have to depend merely on deterrent action against multinationals or again anybody else who is trying to promote substitutes for breast feeding. This social legislation is something that has to occupy our attention. We have to think about maternity leave, we have to think about how mothers can be empowered to come out to take the initiative in feeding their children without suffering the consequences, without suffering a pay loss and without losing their jobs. Unless this is done, we will never be able to bring about a really positive movement that has any meaning.

The third aspect that I want to dwell upon is the role that the media plays. From the reports we read we find that advertising by the multinationals of infant foods and infant food substitutes, even if they are prohibited in the official media, through other media reach as much as 22 to 36 per cent of the rural population. And I am talking not just about the metropolitan cities where you take this for granted but I am talking about the rural population. If this is the kind of reach that it has among the rural population, if

this is the kind of vested interest, if this is the kind of multinational vested interest that we have to battle against to encourage breast feeding in his country, then the media has to take this up on a war footing. The media has to create a role to see that breast feeding is encouraged in the most positive way. All the laws in the world, stacked from end to end, will be of no use at all unless the media takes it as a self-regulation, as a personal responsibility, to see that breast feeding is encouraged and no form of infant food or breast feeding substitue advertisements are brought about in the media in a targeted way so that mothers are encouraged. Any mother wants to do what is best for her child, but in order to create a movement, in order that the mother would feel that there is support out here, that what she is doing is the right thing and that she will not suffer the consequences, the media has a very important role to play.

I would like to dwell on that also later.

Sir, I was just dealing with the reasons why breast-feeding has declined. The World Health Organisation survey has said that there are several reasons why breast-feeding has declined in the world. When they went through this historically, it was found that even though there were many arguments advanced in favour of breast-feeding, artificial feeding from an early stage represents something like an experiment without controls. The main thing that happens is that when a child is not breast-fed, it creates all kinds of complications at a later stage, something like hypertension, obesity, allergy to non-specific proteins. Also, artificial feeding from an early stage could not guarantee skin-to-skin contact between the mother and the child. Nor does it help to create a bond between them. Sir, it also became strinkingly evident, and I am quoting here, that even the most sophisticated and carefully replicated formulas could never replicate human milk. Then also if animal milk is provided to the child, the difference between species creates specific differences in the protein composition, by which it becomes evident that human milk has disinfectant properties which are not available in animal milk which is not specific to the child, and the child also suffers thereby.

Sir, the most important reason why again breast-feeding has to be emphasised is because that also encourages—and in a country like India this becomes absolutely vital birth-control. It is the most effective form of contraception. They say that almost 75% of the mothers who are breast-feeding their children, do not conceive immediately, and it is the best and the most natural form of child-spacing that can occur. The importance of such a concept cannot be under-estimated in a coutry like India.

Sir, I have already dealt with the issue of social legislation. Apart from that, when you come to the question of awareness it is absolutely vital that certain steps are taken. It is not just the legislation which can have the maximum impact on creating a positive movement like this. But there has to be a kind of political will and public attitude which will secure genuine impetus for the movement.

Sir, every citizen has a right to information, and this information has to be adapted to local conditions. It has to be directed to the target population, that is, particularly school children, young mothers, pregnant women and decision-makers. It has to be supported by necessary resources from doctors responsible for semi-urban and rural health development. You have to utilise the local, cultural methods of communication. It has to be linked to measures for income generation at the family and at the community level.

Sir, to support breast-feeding, it is important that this information should reach individuals who are important to the family, not just the mother, but also the father, the grandfathers, the mother figures, the mother surrogates, the community teachers and others who have an impact on the social behaviour, and their participation also has to be obtained.

Sir, the Government also should provide adequate nutrition training in medical and

[SMT. JAYANTHI NATARAJAN]

nursery schools and to primary health workers including midwives, school teachers, rural extension workers and others operating at the community level to enable them to undertake functional health and nutritional education of the community. These personnel also have to be adequately trained not only in the techniques of education and communication but also those of child development and delivering consistent and coherent health practices based on local socio-cultural conditions.

Sir, one important lacuna in the Bill is that it does not deal with weaning foods. All the laudable sections deal with deterrence against advertising and disseminating information about infant foods. There is no specific reference to weaning foods. We know that weaning foods are in great use not ony in the urban areas but also in the rural areas all over the country because they are very convenient, and it is much easier to use them than to get hold of indigenous food or food which is really good for the child, which is not expensive. This lacuna in the Bill, I suggest that the Minister should address herself to, and it has to be at least covered in the rules because unless it is applied to weaning foods also, it has very little meaning. Weaning foods also can be diluted, and the child is still open to infection at that stage also. Therefore, the fact that weaning foods have been left out of the Bill, is something that has to be dealt with in the rules at least. The time has come to eliminate unnecessary deaths and ill-health of our children along with slavery or racism or Apartheid, along with disasters, along with cyclones, along with droughts or along with famines. Just because these children do not have a voice to speak out, they don't have to be ignored. We have to view this seriously. The real test lies not just in legislations, but in seeing how we are able to propagate the ideas so that these effectively reach down to every single mother in the country, who needs these.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमबंगाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जो यह शिशु दुग्ध अनुकल्प पोषण बोतल और शिशु खाद्य (उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियम) विधेयक, 1992 लाया गया है, इसका मैं स्वागत करती हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह विधेयक एक मां और एक बच्चे के नैसर्गिक संबंधों से जुड़ा हुआ है, यह विधेयक एक मां और बच्चे के जन्म सिद्ध अधिकार से जुड़ा हुआ है, यह विधेयक हमारे देश के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है और इसलिए इस समस्या को एक अहम समस्या और आपात समस्या समझते हुए मैं अपने देश के भविष्य, उन मां-बच्चों को भाषा देना चाहती हूं, जिन्होंने अभी बोलना नहीं सीखा है। एक मां के नाते उन बच्चों की ओर से मैं इस सदन में यह आवाज उठाना चाहती हूं ताकि अब तक हमारे बच्चों के साथ जो अन्याय होता रहा, अब तक हमारे बच्चों को उनके जिस जन्मसिद्ध अधिकार से वंचित किया जाता रहा है, अब यह अन्याय बंद हो। उपसभाध्यक्ष महोदय, जब भी हम शिशु दुग्ध संबंधी समस्या पर विचार करते हैं तो हमारे सामने एक झटके में उस उपभोक्ता समाज का कुत्सित चेहरा सामने आ जाता है, जिसको बनाने में यह सरकार लगी हुई है। यह उपभोक्ता समाज विज्ञापनों का समाज है। बड़े बड़े उद्योगपतियों द्वारा येनकेन प्रकारेण मुनाफा लूटने का समाज है। आज से 15-20 वर्ष पहले की स्मृतियां हमारे दिमाग में ताजा है। हमें याद पड़ता है कि 15-20 वर्ष पहले हमारे हिन्दुस्तान के बाजार बड़ी-बड़ी बहु-राष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा बनाये गये पाउडर दूध के डिब्बों से भर गये थे, और उपसभाध्यक्ष महोदय, इस पाउडर दूध के प्रचार में, इस पाउडर दूध के पक्ष में जैसा प्रचार अभियान शुरू हुआ, उस प्रचार अभियान के चलते हमारी मांओं ने अपने बच्चों को दूध पिलाना बंद कर दिया। इस प्रचार तंत्र की ही माया थी कि यहां तक कि हमारे डाक्टर भी इस पाउडर दूध के पक्ष में नुस्खे लिखने लगे। उपसभाध्यक्ष जी, इसका नतीजा यह हुआ कि इस मुनाफे की हवा से इन पाउडर दूध का जो बाजार गर्म हुआ, इसके चलते हमारे बच्चों, हमारी मांओं को कई व्याधियों से, कई त्रासदियों से गुजरना पड़ा। जब तक

हम उपभोक्ता समाज का सृजन करते रहेंगे तब तक न जाने कितनी इस तरह की त्रासदियों को हमें बर्दाश्त करना पड़ेगा । हमें याद है कि इस उपभोक्ता समाज के पक्ष में बहु-राष्ट्रीय कंपनियों ने विज्ञापन का जो मायाजाल बुनना शुरू किया था, उस मायाजाल के चलते पाउडर दूध के डिब्बे राशन की तरह लाइन लगाकर बिकने लगे थे । लेकिन बहुत जल्दी ही पश्चिमी जगत में इस पाउडर दूध के विरोध में एक प्रचार-तंत्र खड़ा हुआ और उसके द्वारा पाउडर दूध के नकारात्मक पक्षों के बारे में हमें जानकारी मिली ।

उसी के चलते 1981 में विश्व स्वास्थ्य संस्था ने एक अन्तर्राष्ट्रीय शिशु खाद्य संहिता तैयार की । हमारे देश में भी 1983 में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय संहिता तैयार की गई । लेकिन मुझे बहुत अफसोस और दुख के साथ कहना पड़ता है कि सौ दिन चले अढ़ाई कोस की हमारी सरकारी नीतियों की वजह से आज तक हम अपनी उस राष्ट्रीय संहिता पर अमल नहीं कर पाए । इस अहम समस्या की ओर हम इतना बड़ा गुनाह करते रहे । इस समस्या के समाधान की ओर ध्यान न देकर हमारी सरकार ने हमारे समाज के प्रति, हमारे देश के भविष्य के प्रति एक बहुत बड़ा अपराध का कार्य किया है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि किस तरह मां का दूध पिलाने से हमारे जैसे विकासशील देशों में हमारे बहुत से बच्चे उन अनेकानेक बीमारियों से बच सकते हैं, जो मां का दूध न पिलाने की वजह से होती है । एक अगस्त को सारे विश्व में स्तनपान दिवस का पालन किया जाता है इसी वर्ष हमारे यहां दिल्ली में भी इसी दिन एक सेमिनार हुआ था । विभिन्न चिकित्सकों, समाज-शास्त्रियों ने अध्ययन करके यह बताया कि हमारे देश में अगर मां के दूध का प्रचलन किया जाए तो उनके द्वारा दिये गये आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में डायरिया से मरने वाले उन बच्चों की संख्या 14 गुना बढ़ जाती है अगर वह बोतल का दूध पीते हों । इसी तरह से निमोनिया से मरने वाले बच्चों की संख्या चार गुना ज्यादा बढ़ जाती है । इसी सेमिनार में यह निष्कर्ष उभर कर आया कि अगर मां ही अपने बच्चे को अपना दूध पिलाती है तो हर वर्ष एक करोड़ बच्चे बोतल का दूध पीने के कारण जो हिंदुस्तान में विभिन्न बीमारियों का शिकार होते हैं उनको उन बीमारियों से बचाया जा सकता है । तो जाहिर है कि आज फिर नये सिरे से स्तनपान के पक्ष में एक अभियान शुरू हुआ है । एक ओर जहां स्तनपान के पक्ष में अभियान शुरू हुआ है और शहरों में उसके पक्ष में एक चेतना भी आई है लेकिन दुर्भाग्य से आज बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने गांवों के बाजारों पर कब्जा जमा लिया है । आज पाउडर के दूध के डिब्बे गांवों के बाजारों में छाए हुए हैं । आज गांवों की माताओं की सूचनाओं के अभाव की मजबूरियों का लाभ उठा कर बहुराष्ट्रीय कम्पनियां वहां प्रचार कर रही हैं । हर मां का यह सामान्य मनोविज्ञान होता है कि वह अपने बच्चे का अपना सर्वोत्तम देना चाहती है । अपनी जिन्दगी में जो कुछ है आखिरी हिस्से तक अपने बच्चे को देने के लिए तैयार होती है । इसी मनोविज्ञान का फायदा उठा कर इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने माताओं के साथ, उनके बच्चों के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ किया है । उन्हें बीमारियां बेचती रहीं, विकृतियां बेचती रहीं और हमारी सरकार 11 वर्षों तक चुपचाप तमाशबीन की तरह सिर्फ तमाशा देखती रही । इतना बड़ा अपराध हमने किया है । जिस मौन की जरूरत की और जिस साइलेंट इमरजेंसी की बात यहां की गई उस साइलेंट इमरजेंसी को

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

मैं आज हमारे करोड़ों बच्चों की तरफ से शब्द देना चाहती हूं, ध्वनि देना चाहती हूं कि यह अन्याय हमारे बच्चों के साथ और न हो। उपसभाध्यक्ष महोदय, आप जानते ही हैं कि स्तनपान के पक्ष में आज अब सारी दुनियां में एक व्यापक शोध कार्य हो चुका है और यह जग जाहिर हो चुका है कि स्तनपान किसी भी बच्चे के लिए सर्वोत्तम है और स्तनपान सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए भी अहम जरूरत है। इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय इस विधेयक में मैंने यह संशोधन भी रखे हैं। आप चाहें तो मैं संशोधन भी रख दूं ....

Should I place my amendment before the House just now or later on ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Your amendment will be taken up at the time of the clause-by-clause consideration of the Bill. Now, you can continue to speak on the Bill.

श्रीमति सरला माहेश्वरी : उपसभाध्यक्ष महोदय, इसी जरूरत को मद्देनजर रखते हुए मैंने यह संशोधन पेश किये है। इसी जरूरत को रेखांकित करते हुए मैंने इस विधेयक में कुछ संशोधन भी पेश किये हैं।

यह जरूरी है कि आज हमारे गांवों में जहां हमारी आंगनवाड़ियां काम कर रही हैं सरकार की ओर से और जिन आंगनवाड़ियों का यह प्रथम दायित्व है उनका कर्तव्य है कि वे जच्चा-बच्चा के लिए किस तरह का खाद्य उत्तम है किस तरह के खाद्य की उनको आवश्यकता है यह देखें। इसलिए मैं यह बात को कहना चाहती हूं कि यह सरकार की ओर से पहलकदमी होनी चाहिए कि जितने भी आंगनवाड़ी केन्द्र हमारे देश में आज काम कर रहें हैं उन आंगनवाड़ी केन्द्रों में ऐसे पोस्टर लगाये जाने चाहिए इस बात की अहमियत को बताते हुए कि बच्चों के लिए स्तनपान ही सबसे जरूरी है। इस तरह के शिक्षा मूलक पोस्टर्स लगाए जाने चाहिए। इतना ही नहीं आंगनवाड़ियों को तमाम इस तरह की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे मां को इस बात से अवगत करा सकें कि स्तनपान के क्या-क्या फायदे हैं।

इसके साथ ही उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को विशेष जोर के साथ कहना चाहती हूं कि हमारी सरकार को हमारी महिलाओं की समस्याओं को विभिन्न रूपों में समझना चाहिए। कामकाजी महिलाओं की समस्याएं हैं। हमारे यहां प्रसुति अवकाश जितना दिया जाता है उसकी समय सीमा बहुत ही कम है। जितनी कामकाजी महिलाएं हैं उनका 90 प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्रों में काम करता है जहां पर क्रेचेज की कोई व्यवस्था नहीं है, जहां पर न्यूनतम श्रमिक कानूनों तक का पालन नहीं होता है। ऐसे में सरकार स्तनपान का संवर्धन करने स्तनपान को बढ़ावा देने का काम किस तरह कर सकती है। इस लिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि यह विधेयक जो नेक उद्देश्यों के तहत लाया गया है क्या हमारे समाज की जरूरतों को पूरा कर सकेगा ? आप इसे सोशल लेजिस्लेशन कह सकते हैं लेकिन सिर्फ इसे सोशल लेजिस्लेशन या सामाजिक कानून कहकर अपनी जिम्मेदारी से आप परे नहीं हो सकते। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। देश के भविष्य की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है और जब हम इस संसद में बैठे हुए हैं तो इस संसद का सदस्य होने के नाते मैं अपना कर्तव्य समझती हूं कि हमारी सरकार इस बात की जरूरत को अच्छी तरह समझे कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी ही नहीं है, हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। एक देश के नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए हमारी महिलाओं की समस्याओं को सिर्फ ऊपरी तौर पर न समझे और सिर्फ इसलिए

कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके पक्ष में काम हो रहा है, एक अंतर्राष्ट्रीय संहिता तैयार की गयी है, भारत भी उससे अंगीकार-बद्ध है इसलिए भारत को भी ऐसा कानून बनाने की जरूरत है सिर्फ इसलिए नहीं बल्कि वास्तव में इस बात की जरूरत को समझते हुए इस दिशा में हमें आगे बढ़ना चाहिए ।

इसी के साथ उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि यह जो विधेयक लाया गया है यह निसंदेह बहुत पहले आना चाहिए था । लेकिन बाद में आने के बावजूद भी अभी जो इसमें थोड़ी बहुत कमियां हैं, जो संशोधन मैंने रखे हैं मैं चाहूंगी कि उस पर विचार करें । मैं उस पर बाद में बोलूंगी ।

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपको इस गरिमा-मय स्थान पर पाकर मैं आपको हार्दिक और पुनः मैं आभार प्रकट करता हूं बधाई देता हूं कि आपने मुझे शिशु दुग्ध अनुकल्प पोषण बोतल और शिशु खाद्य (उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियम) विधेयक, 1992 पर अपने मत प्रकट करने के लिए अवसर दिया है । यह जो हमारे सामने प्रस्ताव आया है इसकी एक भूमिका थी जिसमें मुझे स्मरण होता है 1 वर्ष पहले की एक बात की ओर । जब हमारी पूर्व प्रधान मंत्री और नेता, श्रीमती इन्दिरा गांधी ने जैनेवा में जाकर विश्व स्वास्थ्य सभा में उस समय मां के दूध के विकल्प के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये थे और उसको भारत लाई थी । विकल्प का यह मतलब नहीं है कि मां का स्तनपान न कराया जाए । उसका यह मतलब था कि जो माताएं रुग्ण हो जाती हैं, जो स्वस्थ नहीं रहती हैं, उनके शिशुओं का पोषण किस तरह से हो, इस तरह विश्व सभा में यह प्रस्ताव लाया गया था और उस पर श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हस्ताक्षर किये थे और जिनकी मातायें नहीं रहती हैं, उन शिशुओं को भी दुग्ध के विकल्प के लिए, मां के दूध के विकल्प के लिए आहार रूप में कुछ पाना चाहिए । यह सभी सामान्य बच्चों की भी बात है, जिनके मां-बाप नहीं रहते हैं । यह आज कल की बात नहीं है ।

मुझे भगवान बुद्ध के जीवन की एक कहानी याद आती है, जिसमें उनकी मां का उनके जन्म के समय ही निधन हो गया था — माया देवी का — और उनको उनकी मौसी ने स्तनपान कराया था और उधर राम, जिसके विषय में आज यह सदन बहु-चर्चित रहा और यह देश चर्चा से भरा हुआ है, उनके लिए राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था कि मझली मां का स्वप्न देख कर जागा । राम जब रात में सोते थे, तो जग जाते थे, जिनको कैकेई जब स्तन-पान कराती थी, तब वह चुप हो जाते थे ।

श्री कृष्ण ने कहा है अपनी मां से की "मैइया तूने मोहे नहीं पियाओ" ।

इसको सूरदास ने भी लिखा है । इसके पहले की भी परम्परा भारत की रही है, जिसमें वैदिक काल से भी मैं जानता हूं कि दूध स्तनपान की परम्परा इस देश में रही है, जैसे :—

सरस्वतिभि नो नेषि वस्थो, माम स्फरी: न आधक ।

युषस्व न सख्या वेश्या, च मा त्वत्क्षेत्राण्य रणा निगन्म ।।

ऋगवेद 6/61/14

इसका यह अर्थ था —ऋग वेद में ऋषियों ने कहा था सरस्वती को संबोधित करके कि मुझे ज्ञान का वह दुग्ध पान कराइये आप, जिससे मैं किसी ऐसे क्षेत्र में न जाऊं, जिसमें मुझे नाश्वान होना पड़े, अर्थात अमरत्व के लिए आप मुझे अपने ज्ञान का दूध पिलाइये ।

[श्री शिवप्रताप मिश्र]

तो दुग्धपान की परम्परा ऋग वेद में थी।

इसके बाद इसका एक प्राकृतिक पक्ष भी था कि जैसे हमारे प्राकृतिक पक्ष में दुग्ध-पान को लेकर और दुग्ध और शिशु का इतना महत्व था कि भारत में क्षीरसागर का शब्द सुनते हैं आप, हमारे पुरानों में भी भरा हुआ है कि जो सागर है, वह दुग्ध से भरा हुआ है।

चित्रकूट में भी पैयश्विनी नदी है जिसमें दूध बहता है और इसमें प्राकृतिक पक्ष में मैं देखता हूं कि सारे पशु भी अपने शिशुओं को दूध पिलाते हैं। इसका भी वर्णन है कि --.

आहार निद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मोहि तेषां अधिको विशेष धर्मेण हीना पशुभिः समाना ।।

जो आहार की प्रक्रिया है, सोने की प्रक्रिया है, और प्रजनन की प्रक्रिया है, वह मनुष्य में पशुओं में, पक्षियों में सब समान है। इसमें जो धर्म है -- "धारयति इति धर्म :"। जो आकार संघ का है, मनुष्य को उनसे वही अलग करता है। तो पशु भी अपने शिशु को दूध पिलाते हैं और तभी इस प्रक्रिया को आप देखते हैं कि माताओं के स्तनपान की प्रक्रिया आज से नहीं, भारत में शुरू से है।

मैं एक दिन मार्क्सवाद और राम राज्य पढ़ रहा था। उसको स्वामी करपात्री जी ने लिखा था। तो उसमें दिया था कि जब सुकरात को फांसी लगाई गई और मृत्यु के समय वह खड़ा था, तो उससे वहां का जो अधिकारी था, उसने पूछा कि क्या आपसे सरीखे तत्व ज्ञानी को, जितने संसार के सुख है, जैसे खान-पान के, वह मृत्यु से पहले याद करने चाहिएं।

उसने कहा, नहीं।

उसने कहा क्या शैशवकाल में जो मां का स्तनपान आपने किया है, उसे याद करना चाहिए? उसने कहा कि अवश्य, क्योंकि वह बहुत स्नेहिल और मधुर था।

फिर तीसरा प्रश्न किया कि क्या स्त्री संग काम को भी याद करना चाहिए। उसने कहा कि इसे कतई नहीं याद करना चाहिए। इससे मुझे मालूम होता है कि भारतीय परम्परा यूनान में भी पहुंच गई थी। जो हमारे यहां भी कहा है कि,

"काम एवं क्रोध एवं रजोगुण समुद्रव : तस्मात् एतत् त्रयं त्यजेत्।

तो हमारे यहां भी कहा गया कि काम, क्रोध और मोह, लोभ को त्याग दीजिए। इस-लिए सुकरात ने भी उस समय कहा कि इनका त्याग करना चाहिए। लेकिन माता का शैशवकाल का स्तन-पान है वह बहुत स्नेहिल और मधुर था। उसका त्याग नहीं करना चाहिए। तो आज की यहां की परम्परा नहीं है, भारत की तो थी ही, यहां से और भी देशों में गई थी और इसको संसार का कोई भी प्राणी कोई भी जीव जैसे मैंने बताया स्तनपान की प्रक्रिया इस शिशु- पोषण का एक मुख्य अंग थी, एक मुख्य प्रक्रिया थी। जिससे शिशु आगे बढ़ता था और इस प्रक्रिया से भी शिशु का पालन--पोषण होता था जिससे हमारा समाज माताओं को बहुत ज्यादा सम्मान देता था। बल्कि पिता के नाम से अधिक हर जगह आप देखेंगे कि माता के नाम से संबोधन होता था। सब से बड़ा ग्रंथ हमारे दर्शन शास्त्र का "गीता" है। जिसमें हर जगह आप देखेंगे जो भी उपदेश श्रीकृष्ण ने कहा है उसमें कौतेय कहा है कि, हे कुंती-नन्दन, कुंती के पुत्र और पांडु नन्दन भी कहा है। लेकिन इसके साथ-साथ "कौतेय" शब्द जो कहा है उसका आप यह जान सकते हैं कि माताओं का कितना महत्व था। माताओं से ही पोषण होता था और इसलिए भीष्म को "गांगेय" कहा जाता था और गंगा-नन्दन कहा जाता था। तो यह हमारी परम्परा जो थी स्तनपान व दुग्धपान की, वह दुग्धपान इस समय गांवों में तो आज भी

मैं जाता हूं तो विवाहों में स्त्रियां गीत गाती हैं कि मेरे दूध की लाज रखना। तो माता के दूध का कोई विकल्प वास्तव में नहीं है। परन्तु जो इसका विकल्प का सोचा गया उसका यह मतलब था कि जब माताएं नहीं है, जब माताएं रूग्ण हैं और उनका रोग-निवारण किया जाए, तब ऐसे उनको पौष्टिक आहार दूसरे विकल्प दूध से मिले यह तो कहा जा सकता है, जैसे अभी सरला जी ने कहा कि जो माता के और शिशु के संबंध की स्नेहिल प्रक्रिया थी उसको व्यवसायियों ने अपने हथकंडों से गंवा दिया। वह दूसरे प्रकार का दूध, उसका प्रचार और प्रसार करने लगे, इससे उसके प्रचार प्रसार की बाधा को आप हटा नहीं सकते हैं, क्योंकि वह भी एक प्रक्रिया है। जैसे मैंने बताया कि जो स्वास्थ्यवर्द्धक चीज नहीं है माता दूध, अगर वह रूग्ण है तो उससे बच्चे शिशु का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा, तो उसमें विकल्प हो। परन्तु वह विज्ञापन देंगे कि यह स्तन-पान की प्रक्रिया ही छूट जाए उस पर जो प्रावधान लाया गया है कि उस तरह के करने वालों को तीन वर्ष की सजा दी जा सकती है और पांच हजार रुपया उनको जुर्माना किया जा सकता है या दोनों किया जा सकता है, मैं इन दोनों का समर्थन करता हूं। अब यह भी समर्थन करता हूं कि स्तनपान की जो हमारी प्रक्रिया थी, जो संसार के लोग पहली अगस्त स्तनपान दिवस के रूप में मनाते हैं और जिसको और भी तमाम सामा-जिक संस्थाएं आज भी प्रोत्साहित करती रहती हैं जिन प्रोत्साहन से न तो हृदय रोग हो सकता है, न डाइरिया हो सकती है, न कैंसर हो सकता है, न माता को और न शिशु को, तो इस प्रक्रिया को स्वास्थ्य की दृष्टि से भी जीवित रखना आवश्यक है और इसको हमारे पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रचारित करना चाहिए। शैशवकाल से लेकर विश्वविद्यालय तक इसका एक प्रशिक्षण होता रहे, इसका भी मैं अनुयायी हूं और इसका भी समर्थन करता हूं इस विधेयक को जैसे पास किया जाए कि कैसे इसका रूपायन हो रहा है इसकी एक शिक्षा समिति भी बनाई जाए जिससे इसके रूपायन होने से कोई व्यवधान न आए। इसका समर्थन करने के साथ साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRIMATI MIRA DAS (Orissa) : Sir, I rise to support this Infant Milk Substitutes, Feeding Bottles and Infant Foods (Regulation of Production, Supply and Distribution) Bill, 1992. As my previous speaker, Shrimati Sushma Swaraj, has said, it is for the second time that this Bill is coming before this House. Previously this Bill was passed in this House but it could not be passed in the other House. But I am surprised why it could not be passed. Whatever may be the reasons.. (*Interruptions*)..

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ : Because Lok Sabha got dissolved both the times. This time they have got it passed by the Lok Sabha first.

